**आकाशवाणी जयपुर–अजमेर**
**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक: 05.03.2025** **समय : 18.30 पीएम**

- **उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का जीवन में हर काम राष्ट्र प्रथम की भावना से करने का आग्रह–झुंझुनूं ज़िले के सांगासी में विद्यार्थियों से संवाद किया।**

- **राज्य सरकार मंदिरों की ज़मीन पर भू–माफियाओं के कब्ज़े की समस्या पर गंभीरता से विचार करेगी।**

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–एक लाख करोड़ रुपये के अरबन चैलेंज फण्ड से स्टार्टअप्स और नवाचारों को बढ़ावा मिलेगा।**

- **एशिया–प्रशांत क्षेत्र के थ्री आर और सर्कुलर इकोनामी फोरम का समापन पर आज जयपुर डिक्लेरेशन होगा।**

**000**

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि जीवन में हर काम राष्ट्र प्रथम की भावना से करना चाहिए। अच्छा नागरिक बनने के लिए कर्तव्यों को अधिकारों से ऊपर रखना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि नाकामी से घबराना नहीं चाहिए। असफलता ही सफलता की कुंजी होती है। श्री धनखड़ आज झुंझुनूं जिले के सांगासी गांव पहुंचे। उन्होंने महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में बच्चों के साथ संवाद किया।

...............

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को टैबलेट भी वितरित किये गये। उपराष्ट्रपति ने **एक पेड़ माँ के नाम अभियान** के तहत विद्यालय परिसर में पौधरोपण भी किया। इस मौके पर जिला प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत, विधायक राजेन्द्र भाम्बू और विक्रम जाखल भी मौजूद रहे।

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने विश्वविद्यालयों में विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता बढ़ाने के लिए भारतीय ज्ञान परम्परा से जुड़ी शिक्षा पर विषेष ध्यान देने का आह्वान किया है। राज्यपाल ने कहा कि पढ़ाई के लिए कोई शोर्टकट नहीं होता। जीवन व्यवहार से जुड़ी सामग्री का अध्ययन आवश्यक है। श्री बागडे आज जयपुर में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। इग्नू क्षेत्रीय केन्द्र जयपुर की निदेशक ममता भाटिया ने बताया कि समारोह में क्षेत्रीय केन्द्र जयपुर के साढे छह हजार विद्यार्थियों को उपाधियां दी गईं। मुख्य समारोह नई दिल्ली में आयोजित किया गया। इसमें 3 लाख 13 हजार से ज्यादा विद्यार्थियों को उपाधियां दी गईं।

000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि बैंकिग सेक्टर के विकास से देश को आर्थिक गति मिली है। घर बैठे ही अधिकांश बैंकिग कार्य सम्पन्न किए जा सकते। वे कोटा नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड कोटा की दादाबाड़ी शाखा के नवीन परिसर में स्थापना समारोह को संबोधित कर रहे थे। श्री बिरला ने कहा कि बैंकिग के विस्तार से सूदखोरों पर भी शिकंजा कसा है। छोटे व्यपारियों से किसानो तक सभी लाभांवित हुए है। उन्होंने कहा कि डिजिटल तकनीकों और पारदर्शिता को अपनाकर सहकारी बैंक समाज के हर वर्ग को वित्तीय रूप से सक्षम बनाने में अहम भूमिका निभा सकते हैं।

000

संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने आज विधानसभा में कहा कि मंदिरों की जमीन को सर्वोच्च न्यायालय ने शाश्वत भूमि माना है। इस तरह की जमीन को बेचा और हस्तांतरित नहीं किया जा सकता। यह जमीन पूरी तरह से अदालत के संरक्षण में रहती है। श्री पटेल ने सदन को आश्वस्त किया कि सरकार मंदिर की जमीन पर भू माफियाओं के कब्जा करने समस्या पर गंभीरता से विचार करेगी। ऐसी शिकायतों पर राज्य सरकार सख्ती से कार्यवाही करेगी।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने विधानसभा में कहा कि जयपुर के शाहपुरा कस्बे में यातायात जाम की हालत रहती है। ऐसे में राज्य सरकार जल्द ही कस्बे में बाईपास बनाने की संभावनाओं की जांच करवाएगी।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्र के विकास के लिए पूरी तरह से समर्पित है। उन्होंने कहा कि गांवों का विकास प्रदेश की समृद्धि का आधार है। श्री शर्मा आज मुख्यमंत्री निवास पर

जयपुर जिले की **बजट सौगात आभार सभा** में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सुख सुविधाओं के विस्तार के लिए बजट में कई प्रावधान किये गये हैं।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सरकार ने विभिन्न क्षेत्रों में निवेश के साथ ही लोगों और नवाचारों को भी समान प्राथमिकता दी है। आज रोजगार पर पोस्ट बजट वेबिनार को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि लोगों में निवेश का लक्ष्य तीन स्तंभों शिक्षा, कौशल और स्वास्थ्य सेवा पर टिका है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वेबिनार के विषय **लोगों, अर्थव्यवस्था और नवाचार में निवेश** विकसित भारत के रोडमैप को परिभाषित करते हैं। रोजगार सृजन सरकार के प्रमुख फोकस क्षेत्रों में से एक रहा है। प्रधानमंत्री ने एक लाख करोड़ रुपये के अर्बन चैलेंज फंड बनाने की घोषणा की। इसके जरिए स्टार्टअप्स और नवाचारों को बढ़ावा दिया जाएगा।

..............

प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बजट में घरेलु और अंतरराष्ट्रीय पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई फैसले लिये गए हैं, जिससे भारत एआई क्षमताओं को विकसित करने के लिए राष्ट्रीय वृहद भाषा मॉडल स्थापित करेगा। उन्होंने कहा कि इस दिशा में निजीक्षेत्र को भी दुनिया से एक कदम आगे रहने की जरूरत है।

000

केन्द्र सरकार ने सोनप्रयाग से केदारनाथ रोपवे के विकास को मंजूरी दे दी है। इसकी लम्बाई करीब 13 किलोमीटर होगी। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज नई दिल्ली में कैबिनेट के फैसलों की मीडिया को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि परियोजना की कुल लागत चार हजार करोड़ रुपये से अधिक होगी। श्री वैष्णव ने कहा कि इस रोपवे से तीर्थयात्रियों की यात्रा को सुविधा होगी और समय 8 से 9 घंटे से घटकर महज़ 36 मिनट रह जाएगा। इस परियोजना से दिव्यांगों और बुजुर्गों को काफी मदद मिलेगी। मंत्री ने यह भी बताया कि हेमकुंड साहिब रोपवे का भी विकास किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस परियोजना की कुल लागत दो हजार 730 करोड़ रुपये होगी। उन्होंने बताया कि रोपवे की लम्बाई लगभग साढे 12 किलोमीटर होगी।

..............

केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि पशुधन स्वास्थ्य और रोग निवारण के लिए तीन हजार 880 करोड़ रुपये खर्च किये जाएंगे। इसमें टीकाकरण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

000

जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में चल रहे एशिया और प्रशांत क्षेत्र के **थ्री आर और सर्कुलर इकोनामी फोरम** का आज समापन हो रहा है। अपशिष्ट प्रबंधन, कचरा निस्तारण और समावेशी भविष्य से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर तीन दिन के मंथन का सार आज **जयपुर डिक्लेरेशन** के रूप में जारी होगा।
फोरम के तहत लगाए गए **इंडिया पवेलियन** में करीब 50 स्टार्टअप्स ने रीसाइक्लिंग से जुड़े अनूठे उत्पाद और तकनीक प्रदर्शित कीं। विभिन्न वस्तुओं का उपयोग कम करने, उनका पुनरुपयोग करने तथा रीसाइक्लिंग में ये स्टार्टअप्स महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। इसी तरह के एक स्टार्टअप ने आकाशवाणी के साथ अपने काम और अनुभव को साझा किया।

000

अंतराष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह के तहत प्रदेशभर में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में अलवर में आज महिलाओं का **गौरव कार्यक्रम** रखा गया। राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के अध्यक्ष मिनेश शाह ने कार्यक्रम में **लखपति दीदी** बनी महिलाओं का सम्मान किया। उन्होंने बताया कि सखी डेयरी के माध्यम से बारह जिलों में पशुपालन कर 90 हजार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया गया है। श्री शाह ने बताया कि सखी डेयरी से जुड़कर छह हजार महिलाएं लखपति दीदी बनी हैं। कार्यक्रम के दौरान श्री शाह ने अलवर जिले के प्याज और सरसों की उपज को दिल्ली सहित अन्य राज्यों में बेचने की पहल करने की घोषणा की।

000

उत्तर–पश्चिम रेलवे ने जयपुर मंडल के छह स्टेशनों पर रेल कोच रेस्टोरेंट शुरू करने का निर्णय लिया है। जयपुर मंडल के वाणिज्य प्रबंधक कृष्ण कुमार मीना ने बताया कि यात्री सुविधाओं के विस्तार के साथ ही लम्बे समय से इन रेस्टोरेंट की मांग की जा रही थी। एक रिपोर्ट –

000